## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 65 / 2022

अनवान : –

1. मिठुराम पुत्र महीपत जाति जाट निवासी चक 1 आरपीएम तहसील नोहर।

–प्रार्थी

**बनाम्**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

– अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्र रिकार्ड दुरस्ती**
**अन्तर्गत धारा 136 लैण्डरैवेन्यू एक्ट**

उपस्थिति :– श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता **प्रार्थी**
राजपेरोकार

**निर्णय** दिनांकः 07/02/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट. के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा चक 16 केएनएन तहसील नोहर के खाता संख्या 76 / 76 की कुल 3.7950 हैक्ट भूमि जिसका प्रार्थी अकेला खातेदार काश्तकार है।

उक्त वाद भूमि में प्रार्थी का नाम मिठूसिंह पुत्र महीपत दर्ज है जो कि सहवन से दर्ज हुआ है प्रार्थी का वास्तविक व सही नाम प्रार्थी के दस्तावेजो यथा आधार कार्ड, पैनकार्ड, राशन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पहचान पत्र आदि में मिठूराम पुत्र महीपत दर्ज है।

राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत दर्ज होने से प्रार्थी को विभिन्न प्रकार की परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए प्रार्थी राजस्व रिकार्ड में मिठूसिंह पुत्र महीपत के स्थान पर अपना सही व वास्तविक नाम मिठूराम पुत्र महीपत दर्ज करवा पाने का अधिकारी है।

प्रार्थी ने अप्रार्थी संख्या 1 को काफी मर्तबा कहा कि प्रार्थी का नाम मिठूसिंह पुत्र महीपत के स्थान पर सही नाम मिठूराम पुत्र महीपत दर्ज कर देवे जिससे प्रार्थी का कोई हिस्सा कम अथवा ज्यादा नही होना केवल नाम ही सशोधित होना है परन्तु अप्रार्थी संख्या 1 कुछ दिन तो आजकल करते रहे अंत में इन्कार हो गये इसलिए यह प्रार्थना पत्र पेश किया गया है।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया। तहसीलदार राजस्व नोहर द्वारा जवाब पेश किया गया जो की शामिल मिसल किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 11:57:41 IST
Reason: SelfAttested

बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि प्रार्थी का सही नाम मिठूराम पुत्र महीपत है जबकि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम मिठूसिंह पुत्र महीपत दर्ज हो गया जिससे प्रार्थी को विभिन्न प्रकार की

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। अतः मुताबिक प्रार्थी के दस्तावेजों के आधार पर राजस्व रिकार्ड में सही नाम मिठूराम पुत्र महीपत दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा चक 16 केएनएन तहसील नोहर के खाता संख्या 76/76 की कुल 3.7950 हैक्ट भूमि जिसका प्रार्थी अकेला खातेदार काश्तकार है, उक्त वाद भूमि में प्रार्थी का नाम मिठूसिंह पुत्र महीपत दर्ज है प्रार्थी अपना नाम मिठूसिंह पुत्र महीपत के स्थान पर मिठूराम पुत्र महीपत दर्ज करवाना चाहता है। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजात यथा आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र आदि में प्रार्थी का नाम मिठूराम पुत्र महीपत अंकित है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि रोही मौजा चक 16 केएनएन तहसील नोहर के खाता संख्या 76/76 की कुल 3.7950 हैक्ट भूमि जिसका प्रार्थी अकेला खातेदार काश्तकार है, उक्त वाद भूमि में प्रार्थी का नाम **मिठूसिंह पुत्र महीपत के स्थान पर मिठूराम पुत्र महीपत का संशोधन किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है।** यदि किसी किसी न्यायालय में कोई अपराधिक वाद या जांच मिठूसिंह के नाम से विचाराधीन हो या किसी सरकारी संस्था का मठूसिंह के नाम से देय बकाया हो तो उसके लिए प्रार्थी का नाम मिठूसिंह ही लागू होगा। अगर नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्ट में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। तहसीलदार नोहर को निर्णय की प्रति प्रेषित कर पालना हेतु पृथक से लिखा जावें।

निर्णय आज दिनांक 07/02/2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया पत्रावली फैसला शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हों एवं उक्त निर्णय शामिल पत्रावली किया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
**उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)**
**एवं सहायक कलक्टर**
**नोहर**

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 11:57:41 IST
Reason: SelfAttested

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, नोहर

पीठासीन अधिकारी : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

क्रमांक : रीडर / सशोधन / 2023 / 133 दिनांक : 12/2/24

**तहसीलदार,**
**नोहर।**

विषय :— प्रकरण स0 65 / 2022 अनवानी मिठूराम बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के संबंध में।

प्रकरण संख्या — 65 / 2022

अनवान : —

1. मिठुराम पुत्र महीपत जाति जाट निवासी चक 1 आरपीएम तहसील नोहर।

—**प्रार्थी**

**बनाम्**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

— **अप्रार्थी**

**प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136**
**भू—राजस्व अधिनियम 1956**

नि0 नि0 दि 7/2/24

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा चक 16 केएनएन तहसील नोहर के खाता संख्या 76 / 76 की कुल 3.7950 हैक्ट भूमि जिसका प्रार्थी अकेला खातेदार काश्तकार है, उक्त वाद भूमि में प्रार्थी का नाम **मिठूसिंह पुत्र महीपत के स्थान पर मिठूराम पुत्र महीपत का संशोधन किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है।** यदि किसी किसी न्यायालय में कोई अपराधिक वाद या जांच मिठूसिंह के नाम से विचाराधीन हो या किसी सरकारी संस्था का मठूसिंह के नाम से देय बकाया हो तो उसके लिए प्रार्थी का नाम मिठूसिंह ही लागू होगा। अगर नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्य में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हो।

**(पंकज गढ़वाल R.A.S)**
**उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)**
**एवं सहायक कलक्टर**
**नोहर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 11:57:41 IST
Reason: SelfAttested